दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 24 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

मतदाता सूची में सुधार में मदद के लिए बारह मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग ने आज से नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। इसमें छह राष्ट्रीय दल और छह राज्य स्तरीय दल शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को नोटिस जारी करने की जिम्मेदारी दी है। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के अनुसार उच्चतम न्यायालय ने ड्राफ्ट मतदाता सूची में छूटे नामों के सुधार को लेकर निर्देश दिए हैं। अयोग के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों ने लगभग एक लाख साठ हजार बीएलए नियुक्त किए हैं।

———————————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया हैं कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के नाम पर मतदाताओं से अधिकार छीनने का प्रयास किया जा रहा है। वोटर अधिकार यात्रा के तहत अररिया में संवाददाताओं से बातचीतह करते हुए श्री गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी और गठबंधन लोगों के मताधिकार की रक्षा करेगा। एक अन्य प्रश्न का जबाव देते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन की एकजुटता बरकरार है और विधानसभा चुनाव में जनसमर्थन उनके साथ है। वोटर अधिकार यात्रा में राजद नेता तेजस्वी यादव, भाकपा–माले के दीपांकर भट्टाचार्य और वीआईपी के मुकेश सहनी भी मौजूद हैं।

———————————————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग रिपोर्ट की अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास में सबसे अधिक इक्यासी दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की है। विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, गया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी

किया है। वहीं, राज्य के अधिकांश भागों में मेघगर्जन, वज्रपात और तीस से चालीस किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान जताया है।

———————————————————————————

पड़ोसी राज्य झारखंड में अति भारी बारिश के कारण राज्य के दक्षिणी भागों से होकर गुजरने वाली फल्गु और उसकी सहायक नदियों में अचानक आई बाढ़ से जनजीवन पर भारी असर पड़ा है। नालंदा, जहानाबाद और गया जी जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी घूस जाने से संपत्ति को काफी नुकसान हुआ है। नालंदा के हिलसा प्रखंड और गयाजी के बोधगया में कई परिवारों को अपनी जमा पूंजी और संपत्ति भी सुरक्षित निकालने का मौका नहीं मिला। सतर्कता के कारण कई लोगों की जान बच गई है। खेतों में खड़ी फसल की भी काफी क्षति हुई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है।

———————————————————————————

पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और झारखंड में भारी बारिश के कारण राज्य से होकर गुजरने वाली गंगा, गंडक, बागमती समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना के दीघाघाट, गांधी घाट और हाथीदह तथा मुंगेर में एक बार फिर बढ़ा है। पटना में विभिन्न स्थानों पर गंगा नदी खतरे के निशान के अत्यंत करीब बह रही है। वहीं, सोन और पुनपुन नदी में भी जबरदस्त उफान की स्थिति बनी हुई है।

———————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में छब्बीसवें दिव्य कला मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में देश भर के दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों की शिल्प कला का प्रदर्शन किया गया है। बीस राज्यों के हस्तशिल्प, हथकरघा, कढ़ाई और अन्य उत्पादों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में संयुक्त सचिव राजीव शर्मा ने आकाशवाणी से कहा कि इस मेले का उद्देश्य दिव्यांगजनों में उद्यमिता, रोजगार और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह मेला इकतीस अगस्त तक चलेगा।

———————————————————————————————

राजभवन में आज एक भारत श्रेष्ट भारत की अवधारणा के तहत  केरल का प्रमुख त्योहार ओणम मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मलय समुदाय से जुड़े लोगों के साथ पर्व की खुशियां बांटी। राज्यपाल ने लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें बधाई दी। श्री खां पहले केरल के राज्यपाल रह चुके हैं।

———————————————————————————————

शिवहर के समाहरणालय भवन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा अनुकंपा के आधार पर विद्यालय लिपिक और परिचारी के पद पर चयनित उनतीस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

———————————————————————————————

समाप्त